प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

योग तैयारी

संस्कृति मंत्रालय 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देश के एक सौ प्रमुख पर्यटन स्थलों और 50 अन्य सांस्कृतिक स्थलों पर योग सत्रों का आयोजन कर रहा है। ये सत्र विशाखापटनम में आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रमुख योग कार्यक्रम के पूरक होंगे। विशाखापटनम योग आयोजन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाग लेंगे। इस बीच केंद्रीय आयुष राज्यमंत्री प्रताप राव जाधव ने कहा कि योग सिर्फ एक दिवसीय आयोजन नहीं बल्कि जीवनशैली है। उन्होंने लोगों से योग को जीवन में शामिल करने और परिवार के सदस्यों को भी इस ओर प्रेरित करने का आग्रह किया।

बाईट – प्रताप राव जाधव, केंद्रीय आयुष राज्यमंत्री

योग–2

इधर, कल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को जन आंदोलन बनाने के लिए प्रदेश में भी तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। राज्य में विभिन्न स्कूलों, ग्राम पंचायतों और आंगनबाड़ी केंद्रों सहित कई अन्य स्थानों पर योग दिवस के आयोजन को लेकर जरूरी प्रबंध किए जा रहे हैं। इस वर्ष योग दिवस की थीम है एक पृथ्वी–एक स्वास्थ्य के लिए योग।

मुख्यमंत्री

मुख्मयंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार डेयरी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। पशुपालन विभाग की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने डेयरी सहकारी समितियों का गठन मिशन मोड पर करने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये समितियां डेयरी क्षेत्र में युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश में छह नए दुग्ध संयंत्र स्थापित किए जाएंगे, जिससे किसानों से दूध एकत्रित करने में सहायता मिलेगी और उनकी आर्थिकी भी मजबूत होगी।

शूलिनी मेला

सोलन का तीन दिवसीय राज्य स्तरीय शूलिनी मेला आज से पारंपरिक व धार्मिक रीति रिवाज के साथ शुरू हो रहा है। दो बहनों के मिलन के प्रतीक इस मेले के शुभांरभ मौके पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। एक रिपोर्ट –

वायस ओवर – अधिष्ठात्री देवी मां शूलिनी बड़ी बहन से मिलने के लिए आज मंदिर से निकलेगी। इसी के साथ सोलन के तीन दिवसी राज्य स्तरीय शूलिनी मेले का भी आगाज होगा। विधिवत पूजा अर्चना के साथ निकलने वाली शोभा यात्रा के दौरान माता शूलिनी सोलन शहर का भ्रमण करते हुए देर शाम अपनी बड़ी बहन माता दुर्गा के मंदिर पहुंचेगी और यहां पर तीन दिन के लिए रूकेंगीं।

मेले के पहले दिन आज मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बतौर मुख्य अतिथि शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा करेंगे। जगह–जगह शोभा यात्रा का फूल मालाओं से स्वागत होगा। मेले को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले में खेलकूद प्रतियोगिताएं, प्रदर्शनियां व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

जगत सिंह नेगी

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश सरकार बोद्ध धर्म की संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रतिबद्व है। वे कल किन्नौर के रिकांगपिओ में 27 अगस्त से नाको मठा में होने वाले तीन दिवसीय राष्ट्र स्तरीय नरो गयनडुब कार्यक्रम के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए।

श्रीखंड यात्रा

पवित्र व धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण श्रीखंड महादेव यात्रा का आयोजन इस बार कुल्लू प्रशासन व श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट निरमंड द्वारा 10 जुलाई से 23 जुलाई तक किया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गया है। यात्रा के दौरान बेसकैंप में ऑफलाइन पंजीकरण केवल अति आवश्यक होने पर ही स्वीकार्य होगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर स्थानों में आज दिन की शुरूआत बारिश के साथ हुई है। मौसम विभाग के अनुसार जल्द ही मानसून के प्रदेश में पहुंचने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से...

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है– तीन साल में बिना इंटरव्यू नियुक्त चतुर्थ श्रेणी कर्मियों के प्रमाणपत्रों की होगी जांच। दिव्य हिमाचल ने खबर दी है–एक देश–एक चुनाव पर सीएम ने जताई चिंताएं–संसदीय समिति के सामने रखा सरकार का पक्ष। जबकि पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–कांग्रेस पक्ष में नहीं लेकिन लोकतंत्र की मजबूती के लिए विचार रखे। दैनिक जागरण की एक खबर है–70 वर्ष से अधिक आयु वाले पेंशनरों को इसी माह बकाया 50 प्रतिशत का भुगतान। मौसम पर दैनिक भास्कर लिखता है–तेज गति से आगे बढ़ रहा मानूसन, 3 दिन भारी बारिश का अलर्ट। आपका फैसला के मुताबिक–हिमाचल में 21 तक पहुंचेगा मानसून।